रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-24022022-233709
CG-DL-E-24022022-233709

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 149] | नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 24, 2022/फाल्गुन 5, 1943 |
| No. 149] | NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 24, 2022/PHALGUNA 5, 1943 |


## श्रम और रोजगार मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 24 फरवरी, 2022

**सा.का. नि. 152(अ).**—कर्मचारी राज्य बीमा निगम (केंद्रीय) नियमावली, 1950 में आगे संशोधन हेतु कुछेक निम्नलिखित मसौदा नियम, जिन्हें केंद्रीय सरकार, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के परामर्श से कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम-1948 (1948 का 34) की धारा 95 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाने का प्रस्ताव करती है, उक्त धारा की उप धारा(1) द्वारा यथापेक्षित, उससे प्रभावित हो सकने वाले सभी व्यक्तियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है तथा एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त मसौदा नियमों पर सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के पश्चात विचार किया जाएगा।

कोई आपत्ति या सुझाव, जो उपर्युक्त मसौदा नियमों के संबंध में किसी व्यक्ति से विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त होंगे, केंद्रीय सरकार द्वारा उन पर विचार किया जाएगा।

आपत्तियां या सुझाव, श्री मदन चौरसिया, अवर सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को संबोधित किए जाएं (ईमेल आईडी- madan.c@nic.in)।

### मसौदा नियम

**1.** (i) इन नियमों को कर्मचारी राज्य बीमा (केंद्रीय) संशोधन नियमावली, 2022 कहा जाएगा।

(ii) ये हितलाभ अवधि 01.01.2021 से 30.06.2021 के लिए लागू रहेंगे।

**2.** कर्मचारी राज्य बीमा (केंद्रीय) नियमावली 1950 के नियम 55 के उप-नियम (1) में निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा:-

"बशर्ते कि दिनांक 01.04.2020 से पहले नियुक्त व्यक्ति हितलाभ अवधि, जनवरी 2021-जून 2021 के लिए बीमारी हितलाभ का दावा करने के लिए अर्हता प्राप्त होगा, यदि उसके संबंध में अंशदान, अंशदान अवधि अप्रैल 2020- सितंबर 2020 में 39 दिनों से कम नहीं अथवा अंशदान अवधि अक्टूबर 2019-मार्च 2020 से अंशदान अवधि में अठहत्तर दिनों से कम नहीं के लिए देय थे और उनके लिए बीमारी हितलाभ की दैनिक दर उप-नियम (2) में प्रदान की जाएगी, जिसकी गणना अप्रैल 2020 से सितंबर 2020 अथवा अक्टूबर 2019 से मार्च 2020 तक की अंशदान अवधि के दौरान क्रमशः मानक हितलाभ दर के आधार पर होगी";

**3.** कर्मचारी राज्य बीमा (केंद्रीय) नियमावली 1950 के नियम 56 के उप-नियम (1) में निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा:-

"बशर्ते कि कोई बीमाकृत महिला हितलाभ अवधि जनवरी 2021-जून 2021 में होने वाले या संभावित प्रसव के लिए मातृत्व हितलाभ का दावा करने हेतु पात्र होगी, यदि उसके संबंध में अंशदान, तुरंत पूर्ववर्ती दो लगातार अंशदान अवधियों, अंशदान अवधि, अक्टूबर 2019 से मार्च 2020 और अप्रैल 2020 से सितंबर 2020 तक में 35 दिनों से कम नहीं के लिए देय थे";

[फा. सं. एस-65012/02/2021-एसएस-।]

आर.के. गुप्ता, संयुक्त सचिव

**टिप्पणी:** मूल नियमावली को भारत का राजपत्र, भाग-।।, खंड 3, उप-खंड (i) में दिनांक 22 जून, 1950 की अधिसूचना संख्या एस.आर.ओ. 212 द्वारा प्रकाशित किया गया था तथा अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 676 (अ), दिनांक 27 अक्टूबर, 2020 द्वारा अंतिम संशोधन किया गया।

**MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 24th February, 2022

G**.S.R. 152(E).**—The following draft of certain rules further to amend the Employees' State Insurance (Central) Rules, 1950 which the Central Government, after consultation with the Employees' State Insurance Corporation, proposes to make in exercise of powers conferred by section 95 of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), is hereby published as required by the sub-section (1) of the said section for information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft rules will be taken into consideration after expiry of a period of thirty days from the date of publication in Official Gazette;

Any objections or suggestions, which may be received from any person in respect of the said draft rules within the period specified above, will be considered by the Central Government.

The objections and suggestions may be addressed to Shri Madan Chaurasia, Under Secretary, Ministry of Labour and Employment, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110001 (Email ID- madan.c@nic.in).

**DRAFT RULES**

1. (i) These rules may be called the Employees' State Insurance (Central) Amendment Rules, 2022.

   (ii) These shall be effective for the benefit period 01.01.2021 to 30.06.2021.

2. In the Employees' State Insurance (Central) Rules, 1950, in sub-rule (1) of Rule 55, the following proviso shall be added: -

"Provided that person appointed before 01.04.2020 shall be qualified to claim sickness benefit for benefit period, January 2021-June 2021, if the contributions in respect of him/her were payable for not less than 39 days in the contribution period from April, 2020- September, 2020 or for not less than seventy-eight days in the contribution period from October, 2019 to March, 2020 and the daily rate of Sickness benefit for them shall be as provided in sub-rule (2) calculated on basis of standard benefit rate during the contribution period from April, 2020 to September, 2020 or October, 2019 to March, 2020 respectively";

3. In the Employees' State Insurance (Central) Rules 1950, in sub-rule (1) of Rule 56, the following proviso shall be added: -

"Provided that an Insured Women shall be eligible to claim maternity benefit for a confinement occurring or expected to occur in the benefit period January 2021-June 2021 if contributions in respect of her were payable for not less than 35 days in the immediately preceding two consecutive contribution periods from October, 2019 to March, 2020 and April, 2020- to September, 2020."

[F. No. S-65012/02/2021-SS-I]

R.K. GUPTA, Jt. Secy.

**Note:** The principal rules were published in the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-section(i) vide notification number S.R.O. 212, dated the 22nd June, 1950 and last amended vide notification number G.S.R. 676(E), dated the 27th October, 2020.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.